# जीएसटी सुधार से करों का बोझ और घटेगा, बढ़ेगी बचत : मोदी

- प्रधानमंत्री ने दिया आत्मनिर्भरता का मंत्र, कहा- किसी देश पर निर्भर रहना अब मंजूर नहीं
- चिप से लेकर शिप तक देश में बनाना होगा, जो बन सकता है, उसे यहीं बनाना होगा
- प्रधानमंत्री मोदी ने ग्रेटर नोएडा में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का किया उद्घाटन

जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत आने वाले दशकों की नींव मजबूत कर वर्ष 2047 तक विकसित होने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहा है। इसका मंत्र आत्मनिर्भर भारत है, जो देश दूसरों पर निर्भर रहेंगे, उन्हें अपनी तरक्की से समझौता करना पड़ेगा। हमें निर्भरता मंजूर नहीं है, आत्मनिर्भर बनना ही होगा। चिप से लेकर शिप तक देश में बनाना होगा, जो भारत में बन सकता है, उसे यहीं बनाना होगा। हाल में किए गए जीएसटी सुधारों को महत्वपूर्ण बताते हुए मोदी ने भरोसा दिलाया है कि इससे अर्थव्यवस्था और मजबूत होगी। करों का बोझ घटेगा और लोगों की बचत में बढ़ोतरी होगी। उन्होंने वैश्विक चुनौतियों का जिक्र करते हुए कहा कि दुनिया में अनिश्चितता व भटकाव के बावजूद भारत की ग्रोथ आकर्षक है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को इंडिया एक्सपो मार्ट में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के तीसरे संस्करण का उद्घाटन किया। इस दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद थे। पीएम ने कहा, सरकार ने नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी रिफार्म लागू किए हैं, जिससे ढाई लाख करोड़ रुपये बचेगा, इसलिए देश बचत उत्सव मना रहा है। इससे कर विवाद कम होंगे और एमएसएमई को तेजी से रिफंड मिलेगा। जीएसटी रिफार्म का सिलसिला भी साथ ही चलता रहेगा। उन्होंने व्यापारियों और उद्यमियों का आह्वान किया कि अपना बिजनेस माडल ऐसा बनाएं जो आत्मनिर्भर भारत को मजबूती दे। आप जो भी निर्माण कर रहे हैं, वह श्रेष्ठ गुणवत्ता का होना चाहिए। नवाचार के बिना दुनिया ठहर जाती है, व्यापार भी ठहर जाता है। स्वदेशी रिसर्च, डिजाइन, डेवलपमेंट का ईको सिस्टम बनाना होगा।

भारत ने खुले मन से दुनिया के लिए खोले द्वार : मोदी पेज>>5

**रूस के सहयोग से यूपी में स्थापित फैक्ट्री में जल्द शुरू होगा एके-203 राइफलों का उत्पादन**




ग्रेटर नोएडा में गुरुवार को इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी। आइएएनएस >>

## शर्ट का उदाहरण दे समझाया जीएसटी सुधार का गणित

प्रधानमंत्री ने समझाया कि पहले एक हजार रुपये की शर्ट पर 117 रुपये टैक्स था, जीएसटी लागू होने के बाद यह 50 रुपये हो गया। रिफार्म के बाद अब 35 रुपये रह गया है। पहले ट्रैक्टर पर किसान को 70 हजार रुपये टैक्स देना पड़ता था, अब यह 30 हजार रुपये बचा है। तीन पहिया वाहन की खरीद पर टैक्स 55 हजार से घटकर 35 हजार रुपये बचा है। पहले रोजमर्रा की चीजों पर सालाना एक लाख रुपये खर्च करने वाले का 25 हजार रुपये केवल टैक्स में जाता था, जो अब मात्र पांच से छह हजार रुपये ही बचा है।

## कांग्रेस सरकार के समय थी टैक्स की लूट

कांग्रेस व विपक्षी दलों को आड़े हाथों लेते हुए पीएम ने कहा कि कुछ बयान बहादुर व राजनीतिक दल देश के लोगों को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। 2014 से पहले की अपनी सरकार की नाकामी छिपाने के लिए जनता से झूठ बोल रहे हैं। कांग्रेस सरकार के समय टैक्स की लूट थी। भाजपा सरकार ने टैक्स व महंगाई कम की और बचत बढ़ाई। पीएम ने कहा, उत्तर प्रदेश में आधारभूत ढांचे पर काम से माल ढुलाई की लागत में कमी आई है। मोबाइल फोन निर्माण में भारत दुनिया में दूसरे नंबर पर है और भारत में बनने वाले मोबाइल फोन में से 55 प्रतिशत उत्तर प्रदेश में बन रहे हैं। प्रदेश में डिफेंस कारिडोर बन रहा है। रूस के सहयोग से बनी फैक्ट्री में एके 203 राइफल का उत्पादन शुरू होने जा रहा है। ब्रह्मोस से लेकर अन्य अस्त्र-शस्त्र का निर्माण शुरू हो चुका है। पीएम ने आह्वान किया कि उत्तर प्रदेश में निवेश करें, निर्माण करें और लाखों एमएसएमई की सामर्थ्य का उपयोग कर संपूर्ण उत्पाद तैयार करें।

## राजस्थान में परमाणु विद्युत परियोजना का किया शिलान्यास

जासं, जयपुर : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान के बांसवाड़ा में 42 हजार करोड़ की लागत से बनने वाली 2400 मेगावाट की परमाणु विद्युत परियोजना का शिलान्यास करने के साथ ही तीन वंदे भारत एक्सप्रेस को वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह देश की आठवीं परमाणु विद्युत परियोजना है। उन्होंने राज्य की एक लाख 22 हजार 670 करोड़ रुपये की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा, राजस्थान कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में पेपर लीक का सेंटर बन गया था। जल जीवन मिशन भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया था। महिलाओं पर अत्याचार चरम पर थे, दुष्कर्मियों को संरक्षण दिया जा रहा था। कांग्रेस सरकार ने लूटकर जो जख्म दिया उन्हें भरने का काम हमारी सरकार कर रही है। पीएम ने मंच पर नेताओं का अभिवादन स्वीकार करते हुए वसुंधरा के पास कुछ देर रुक कर बात की।